प्रेस नोट
दिनांक 14.10.2024

पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा दुर्गा प्रतिमा विर्सजन के दृष्टिगत विसर्जित होने वाली मूर्ति स्थलों/विर्सजन स्थलों पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, जनपद में मूर्ति विर्सजन को कराया गया सकुशल सम्पन्न–

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दृष्टिगत जनपद में कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना परसपुर क्षेत्रान्तर्गत मूर्ति विसर्जन स्थलों एवं मार्गो का निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा मूर्ति आयोजकों से वार्ताकर त्योहार के संबंध में शासन के द्वारा जारी गाइडलाइनों से सभी को अवगत कराया तथा सभी से आपसी भाईचारा, शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखते हुए मूर्तियों को विसर्जित करने की अपील की गयी। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा थानाध्यक्ष परसपुर को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए साथ ही अवगत कराया गया कि मूर्ति विसर्जन स्थलों पर गोताखोरों की व्यवस्था रखी जाए ताकि विषम परिस्थिति में उनका उपयोग किया जा सकें। अवांछनीय एवं अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाये जिससे श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के अपने–अपने धार्मिक कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें तत्पश्चात महोदय द्वारा देर रात्रि थाना खरगूपुर क्षेत्र के अन्तर्गत विसर्जित होने वाली मूर्तियों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मियों को चेक कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। इसी प्रकार महोदय के निर्देशन में कड़ी सुरक्षा के बीच जनपद में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को सकुशल सम्पन्न कराया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत, एसडीएम सदर, प्र0नि0 खरगूपुर सहित अन्य अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

मीडिया सेल, गोण्डा।

<u>प्रेस नोट</u>
<u>दिनांक 14.10.2024</u>

<u>थाना कोतवाली नगर साइबर हेल्प डेस्क द्वारा साइबर फ्रॉड से कटे पीडित के 44,726/– रूपये कराए गए वापस, पैसे वापस मिलने पर पीड़ित के चेहरे पर लौटी मुस्कान, पीड़ित ने गोण्डा पुलिस को किया धन्यवादः–</u>

जनपद गोण्डा में साइबर फ्रॉड अपराध की रोकथाम के संबंध में त्वरित कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के मार्गदर्शन में थाना को0 नगर की साइबर हेल्प डेस्ट टीम द्वारा पीड़ित के फ्रॉड गयी धनराशि को सम्बंधित बैंक/इंटीमेडरी से संपर्क स्थापित करते हुए धनराशि **<u>44,726/–</u>** (चवालिस हजार सात सौ छब्बीस रू0) पीड़ित के खाते में वापस करायी गयी।

<u>घटना का संक्षिप्त विवरण–</u>
आवेदक संजय तिवारी नि0 परसन पुरवा थाना को0 नगर जनपद गोण्डा द्वारा कस्टमरकेयर काल पर विश्वास कर भेजी गयी लिंक पर क्रेडित कार्ड नम्बर व ओटीपी शेयर कर देने पर कुल 44,726/– रू0 कट गए थे। साइबर फ्रॉड ठगी के उपरान्त आवेदक द्वारा इसकी शिकायत को0 नगर साइबर हेल्प डेस्क के समक्ष की गयी थी। जिसपर थाना को0 नगर की साइबर हेल्पडेस्क टीम द्वारा जनपदीय साइबर सेल टीम से समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बंधित बैंक/इंटीमेडरी से संपर्क स्थापित करते हुए पीड़ित के 44,726/– रू0 की धनराशि वापस करायी गयी। पीड़ित द्वारा अपने रूपये वापस पाकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय व साइबर सेल टीम को धन्यवाद दिया गया।

महोदय द्वारा जनता को जागरूक करते हुए बताया गया कि साइबर ठगों से सावधान रहने की जरुरत है। किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, ओ0टी0पी0, बायोमैट्रिक डेटा, पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें। फ्रॉड ट्रांजेक्सन होने पर तत्काल अपने बैंक एवं थाना पर गठित साइबर सेल को सूचना दें एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 या डायल–112 पर भी शिकायत दर्ज कराएँ।

<u>साइबर हेल्प डेस्क टीम</u>
01. उ0नि0 उदित कुमार वर्मा(नोडल अधिकारी)
02. आ0 पंकज कुमार (साइबर पोर्टल संचालक)
03. म0आ0 शिवनी तिवारी (साइबर पोर्टल संचालक)

<u>मीडिया सेल, गोण्डा।</u>

प्रेस नोट
दिनांक 14.10.2024, थाना कोतवाली नगर
जनपद गोण्डा।

पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा शहर क्षेत्रांतर्गत भरत मिलाप कार्यक्रम के दृष्टिगत रूट व्यवस्था/कानून व्यवस्था का लिया गया जायजा व आयोजको से वार्ता कर शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातवरण में सम्पन्न कराने हेतु दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश-

गोण्डा। आज दिनांक 14.10.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा जनपद गोण्डा के थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत भरत मिलाप चौराहे पर आयोजित होने वाली भरत मिलाप कार्यक्रम को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने तथा कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने हेतु सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। महोदय द्वारा आयोजकों से वार्ता कर त्योहार के संबंध में शासन के द्वारा जारी गाइडलाइनों से सभी को अवगत कराया गया। सभी से आपसी भाईचारा, शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण रखतें हुए परंपरागत तरीके से त्योहारों को मनाने की अपील की गई साथ ही बताया गया कि भरत मिलाप कार्यक्रम के दृष्टिगत गोण्डा पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम स्थल व आस-पास पर्याप्त संख्या में वर्दी व शादे बस्त्र में भी पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी है। स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रों के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले विभिन्न असामाजिक, अवांछनीय एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया कि भीड़भाड़ के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार डाईवर्जन की भी व्यवस्था की जाए।

भ्रमण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत, प्र0नि0 को0नगर श्री मनोज पाठक आदि मौजूद रहे।

मीडिया सेल, गोण्डा।